कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़

विज्ञप्ति/सूचना

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि राज्य परियोजना निदेशक उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा अभियान, 18 पार्क रोड, लखनऊ के पत्रांक समग्र शिक्षा (गा0)/1760-61/ 2023-24 दिनांक 05.09.2023 के द्वारा जनपद के 29 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों का सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रुप से सशक्त बनाने हेतु मार्शल आर्ट यथा– जूडो, ताईकवांडो, कराटे आदि के माध्यम से उनमें जीवन कौशल का विकास किये जाने हेतु प्रशिक्षित ट्रेनर्स (प्रशिक्षक) का चयन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित जनपदीय समिति के माध्यम से किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये हैं।

प्रशिक्षक के चयन हेतु विशेष बिन्दु निम्नवत हैं–

1. प्रशिक्षण के चयन हेतु ऐसे खिलाड़ियों का चयन किया जाना है जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता का प्रमाण पत्र हो।
2. चयनित प्रशिक्षक ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी कार्य करने के इच्छुक हो।
3. जनपद में चयनित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की संख्या के आधार पर प्रशिक्षकों की संख्या का निर्धारण जनपद स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा।
4. एक प्रशिक्षक द्वारा अधिकतम तीन विद्यालयों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण कराया जा सकता है।
5. प्रशिक्षक द्वारा आवंटित विद्यालयों में तीन माह तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
6. प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन 40 मिनट की होगी।
7. प्रशिक्षक को तीन माह हेतु अधिकतम रु0 12000/– प्रति विद्यालय की दर से मानदेय दिया जायेगा।
8. प्रशिक्षक के रुप में सर्वप्रथम महिला प्रशिक्षक को वरीयता दी जायेगी। महिला प्रशिक्षक न मिलने की स्थिति में पुरुष प्रशिक्षक को चयनित किया जा सकता है।

अतः प्रशिक्षित ट्रेनर्स (प्रशिक्षक) के चयन हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है और सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रारूप पर आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पता–कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़ में अन्तिम तिथि दिनांक: 27.11.2023 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों में कोई भी विचार नहीं किया जायेगा।

नोट– चयन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप आदि पोर्टल– https://www.diosaligarh.in/ पर उपलब्ध है।

आवेदन का प्रारूप

1– नामः ...., 2– पिता का नामः.., 3–जाति/वर्गः..........................

4– जन्मतिथिः ..../......../............., 5–लिंगः ...., 6–गृह जनपद :..........................

7– पत्र व्यवहार का पताः..

8– व्हाट्स एप मो0न0:............................., 9– ईमेलः...10– आधार नम्बर–.........................

घोषणा

मै.. पुत्र श्री .... यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्यगोपन नहीं किया गया है। यदि जांच में कोई तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी/कूटरचित पाया जाता है तो जनपदी समिति द्वारा लिया गया निर्ण मुझे मान्य होगा। मैं किसी प्रकार का वाद किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं करुंगा/करुंगी।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

जिला विद्यालय निरीक्षक
अलीगढ़

पृष्ठांक संख्याः आर0एम0एस0ए0/ 204 /2023-24 दिनांक– 18 नवम्बर 2023

प्रतिलिपि सम्पादक दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान जनपद अलीगढ़ इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्तवत् विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में जनपदीय संस्करण में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

18/11/2023

जिला विद्यालय निरीक्षक
अलीगढ़